## आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**18.45 रविवार** **दिनांक 03.11.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर कल से नवा रायपुर में होगा राज्योत्सव और राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन।

2– सुकमा जिले के जगरगुंडा में माओवादी हमले में पुलिस के दो जवान घायल।

3– बलरामपुर जिले में हुए सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत–मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख।

4– पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है भाईदूज का पर्व–प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज मातर का त्योहार भी मनाया जा रहा है।

### राज्योत्सव–राज्य अलंकरण समारोह

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कल चार से छह नवंबर तक नवा रायपुर अटल नगर में राज्योत्सव और राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। राज्योत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, छह नवंबर को समापन समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल होंगे और राज्य अलंकरण समारोह के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करेंगे।

राज्योत्सव में ख्याति प्राप्त कलाकार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। वहीं, शासकीय योजनाओं और उपलब्धियों के प्रचार–प्रसार के लिए विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। राज्योत्सव के पहले दिन कल बॉलीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक शान की प्रस्तुति होगी। वहीं, रिखी क्षत्रीय की टीम द्वारा बारह लोक नृत्य की झलकियां, महेन्द्र चौहान और साथियों द्वारा आदिवृंदम, सुनील सोनी तथा उनकी टीम क्षेत्रीय नृत्य संगीत और विद्या वर्चस्वी द्वारा नाम रामायण की प्रस्तुति दी जाएगी।

राज्योत्सव मेला ग्राउंड में कल से आयोजित होने वाले राज्योत्सव और राज्य अलंकरण समारोह में रायपुर से आयोजन स्थल तक आने–जाने वाले यात्रियों के लिए बीआरटीएस बसों की सुविधा प्रदान की गई है। यह बसें रायपुर से सुबह ग्यारह बजे से रात नौ बजे तक हर आधे घंटे के अंतराल में चलेंगी।

### दीपक बैज–पत्रकारवार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज रायपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को लेकर सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने दीपावली के दौरान रायपुर, दुर्ग और भिलाई में ग्यारह लोगों की हत्या और आपराधिक घटनाओं का जिक्र करते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

### बलरामपुर–दुर्घटना

बलरामपुर जिले में बीती रात हुए सड़क हादसे में एक नाबालिग सहित आठ लोगों की मौत हो गई है। पेश है

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलरामपुर जिले में हुए हादसे पर संवेदना प्रकट की है। उन्होंने जिला प्रशासन को मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

**जवान–घायल**

सुकमा जिले के जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में ड्यूटी पर तैनात जवानों पर आज सुबह माओवादियों ने हमला कर दिया और हथियार लूट लिए। इस हमले में दो जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों में करतम देवा और सोढ़ी कन्ना शामिल हैं।

**केदारनाथ/यमुनोत्री धाम–कपाट बंद**

उत्तराखंड में स्थित विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट आज भाईदूज के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रों के साथ विधि–विधान के अनुसार शीतकाल के लिए बंद किए गए। इस मौके पर केदारनाथ में पंद्रह हजार से अधिक श्रद्धालु मौजूद थे। इस यात्रा काल में रिकॉर्ड साढ़े सोलह लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ धाम की यात्रा की।

**भाईदूज**

आज भाईदूज का पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा ळें राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में भाईदूज के मौके पर बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भाईयों ने भी बहनों को उपहार दिया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व को यम द्वितीया भी कहते हैं। भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करने वाले इस पर्व को लेकर एक किवदन्ति यह भी है कि यम देवता ने अपनी बहन यमी को लंबे इंतजार के बाद इस दिन दर्शन दिया था, तभी से यह प्रथा चली आ रही है।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को भाईदूज पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल से आज राजभवन में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने मुलाकात कर उन्हें दीपावली पर्व की शुभकामनाए दीं और भाईदूज का टीका लगाकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। वहीं, प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज मातर का त्योहार भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कुछ स्थानों में अखाड़े के साधकों ने आकर्षक करतब भी दिखाएं। वहीं, ग्रामीणों ने देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना कर सुख–समृद्धि की कामना की। गौरतलब है कि आज के दिन राउत समुदाय के लोग मैदान में गायों के झुंड के बीच हैरतअंगेज करतब दिखाते हैं। साथ ही पारंपरिक लोकनृत्य राउत नाचा का भी प्रदर्शन करते हैं। वहीं, शाम को मड़ई का आयोजन किया जाता है।

**हाईकोर्ट–हाथी मौत**

रायगढ़ जिले के घरघोड़ा इलाके में पिछले दिनों तीन हाथियों की करंट से हुई मौत के मामले को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान में लिया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच कल चार नवंबर को इस मामले पर सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि रायगढ़ के चुहकीमार गांव स्थित वन विभाग की नर्सरी में बिजली की तारों के संपर्क में आने से तीन हाथियों की मौत हो गई थी। जिस पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने इस घटना पर जनहित याचिका स्वीकार करते हुए स्वतः संज्ञान लिया। जनहित याचिका में राज्य के ऊर्जा सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक और प्रधान मुख्य वन संरक्षक को पक्षकार बनाया गया है।

**रेलवे सुरक्षा बल–बैंड प्रतियोगिता**

बिलासपुर के एन.ई. इंस्टीट्यूट स्थित फुटबॉल ग्राउंड में आज से तेरहवें अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बैंड प्रतियोगिता शुरू हो गई है। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता का शुभारंभ रेलवे सुरक्षा बल के उपमहानिरीक्षक और मुख्य सुरक्षा आयुक्त मुनव्वर खुर्शीद ने किया। इस अवसर पर विभिन्न रेलवे जोन के दो सौ उनतालीस प्रतिभागियों ने परेड की प्रस्तुत दी। यह प्रतियोगिता कल संपन्न होगी। इसमें चयनित टीम सोलह नवंबर से नागालैंड के दीमापुर में आयोजित होने जा रहे ऑल इंडिया पुलिस बैंड प्रतियोगिता में भाग लेगी।

**आरबीआई–90 क्विज प्रतियोगिता**

भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई इस वर्ष अपनी नब्बेवीं वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर आरबीआई द्वारा देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आरबीआई विभिन्न विषयों में अध्ययनरत् स्नातक छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर की एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है, जिसमें विभिन्न स्तरों पर

आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं। स्नातक पूर्व छात्रों के लिए उन्नीस से इक्कीस सितंबर तक ऑनलाइन आरबीआई नाइन्टी क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें तीन हजार चार सौ दो टीमों ने भाग लिया। इसमें चयनित नब्बे टीमें पांच नवंबर को रायपुर में आयोजित होने वाले आरबीआई नाइन्टी क्विज में हिस्सा लेंगी।

**छठ पर्व**

चार दिवसीय छठ महापर्व पांच नवंबर को नहाय–खाय के साथ शुरू होगा। छठ पर्व को लेकर रायपुर के खारून नदी स्थित महादेवघाट में तैयारियां की जा रही हैं। आज सुबह छठ महापर्व आयोजन समिति के सदस्यों ने महादेवघाट पहुंचकर श्रमदान किया। वहीं, रायपुर नगर निगम द्वारा भी घाट पर साफ–सफाई की जा रही है। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि छठ पर्व रायपुर, बिलासपुर, भिलाई–दुर्ग, कोरबा, बस्तर और अन्य शहरों में धूमधाम से मनाया जाता है। रायपुर में छठ पूजा का आयोजन पचास से अधिक स्थानों में होता है। छठ पर्व के तीसरे दिन सात नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय लोक गायिका कल्पना पटवारी, गायत्री यादव, परिणीता राव पटनायक और छत्तीसगढ़ी लोक गायक दुकालू यादव महादेवघाट स्थित आयोजन स्थल पर अपनी प्रस्तुति देंगे।

**संक्षिप्त समाचार–**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आठ नवंबर को जगदलपुर में होने वाली बस्तर आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

– रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में ईव्हीएम मशीनों की कमीशनिंग का कार्य पांच नवंबर को सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में किया जाएगा।

– रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने तिल्दा–नेवरा के थाना प्रभारी अविनाश सिंह को लापरवाही और अनियमितता की शिकायत पर लाइन अटैच कर दिया है। उनके स्थान पर सत्येंद्र श्याम को तिल्दा–नेवरा का नया थाना प्रभारी बनाय गया है।

– जशपुर जिले के कलेक्टर रोहित व्यास ने स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही बरतने के मामले में दोकड़ा के चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार भगत को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के जोगिसार और बारीम राव गांव में तालाब में डूबने की दो अलग–अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई।

– बालोद जिले के टेंगनाबरपारा गांव में पुलिस द्वारा जुएं के अड्डे पर छापा मारने के दौरान भाग रहे एक युवक की कुएं में गिरने से मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>